आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट

[स्रोत: पी.आई.बी.](#).

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स (ABHA) एक परविर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसका लक्ष्य संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य देखभाल पहुँच (Healthcare Access) और डेटा प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

ABHA क्या है?

- **परिचय:** ABHA एक अद्वितीय **14-अंकीय संख्या** है, जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ने के लिये किया जाता है। यहाँ ABHA से तात्पर्य एक डिजिटिल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने से है, इसका लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल के डिजिटिलीकरण को बढ़ावा देना है।
  - कोई भी व्यक्ति निशुल्क स्वास्थ्य ID या ABHA के लिये आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन (ABDM) में नामांकन कर सकता है।
- **विशेषताएँ:**
  - **इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (EHR):** ABHA इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड को एकीकृत करता है, जिससे रोगी की जानकारी के संग्रह और पुनर्प्राप्ति की सुविधा मिलती है।
    - इससे चिकित्सा इतिहास को बनाए रखने और स्वास्थ्य सेवा वितरण को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलती है।
  - **पोर्टेबलिटी**: एकाउंट्स को आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में परिवर्तित (पोर्टेबल) होने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिससे लाभार्थियों को स्थान की परवाह किये बिना सेवाओं तक निर्बाध पहुँच की अनुमति मिलती है।
  - **पारदर्शिता और जवाबदेही:** डिजिटिल लेन-देन को बढ़ावा देने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड बनाए रखने से ABHA स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही में वृद्धि होती है।

आयुष्मान भारत योजना क्या है?

- **आयुष्मान भारत योजना:** इसे **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY)** के रूप में भी जाना जाता है, यह भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसे **यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (UHC)** के दृष्टिकोण को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 की सिफारिश के अनुसार **सितंबर 2018 में लॉन्च** किया गया था। ।
- **आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन (ABDM)**: इसका उद्देश्य देश के एकीकृत डिजिटिल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने एवं डिजिटिल राजमार्गों के माध्यम से हेल्थकेयर पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच मौजूदा अंतर को पाटने के लिये आवश्यक आधार विकसित करना है।

स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित अन्य हालिया सरकारी पहलें क्या हैं?

- **स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र:** फरवरी 2018 में भारत सरकार ने मौजूदा उप केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान भारत के आधार स्तंभ के रूप में परिवर्तित करके स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (HWC) के निर्माण की घोषणा की।
  - ये केंद्र **व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CPHC)** प्रदान करेंगे, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा गैर-संचारी रोगों को कवर करने हेतु स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त होगी, जिसमें मुफ्त आवश्यक दवाएँ एवं नैदानिक सेवाएँ शामिल हैं।
- **जन औषधि केंद्र:** यह सभी नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करता है।
- **ई-संजीवनी:** ई-संजीवनी- **भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन** सेवा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में दुनिया की सबसे बड़ी प्रलेखित टेलीमेडिसिन कार्यान्वयन के रूप में विकसित हुई है।
  - इसने ग्रामीण क्षेत्रों की जनता और दूरदराज़ के समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटिल रूप में पहुँचाया है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

[illegible]:

प्रश्न. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2022)

1. निजी और सरकारी अस्पतालों द्वारा इसे अपनाना होगा।
2. जैसा कि इसका उद्देश्य सार्वभौमिक, स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना है, भारत के प्रत्येक नागरिक को अंततः इसका हिस्सा होना चाहिये।
3. इसकी देश भर में निर्बाध पोर्टेबिलिटी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 केवल
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (d)

[illegible]:

प्रश्न. भारत में 'सभी के लिये स्वास्थ्य' को प्राप्त करने के लिये समुचित स्थानीय सामुदायिक-स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल का मध्यक्षेप एक पूर्वापेक्षा है। व्याख्या कीजिये। (2018)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayushman-bharat-health-accounts